दैनिक जागरण 17/09/2026

# सीएसए में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम दौर में, 18 से आफलाइन काउंसिलिंग

## बीएससी कृषि, बीटेक में सीट आवंटन संग प्रवेश होंगे कन्फर्म

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। बीएससी कृषि, बीटेक समेत अन्य पाठ्यक्रमों में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 18 सितंबर से आफलाइन काउंसिलिंग कराई जाएगी। काउंसिलिंग की प्रक्रिया बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होगी। सीएसए प्रशासन के अनुसार इस चरण में विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन करने के साथ ही उपलब्ध सीट और पात्रता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूरी होने के बाद ही उसी समय प्रवेश कंफर्म कर दिया जाएगा।

प्रवेश प्रक्रिया के शुरुआती चरणों में आनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम और सीट आवंटन की प्रक्रिया से जोड़ा गया था। अब शेष सीटों को भरने के लिए आफलाइन काउंसिलिंग कराई जा रही है। इसे प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम चरण माना जा रहा है। इससे विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त रह गई सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिलेगा। आफलाइन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंचना होगा। वहां शैक्षणिक अभिलेखों और प्रवेश से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जाएगी। पात्र पाए जाने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध सीट के अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। सीएसए प्रशासन का कहना है कि मौके पर ही प्रवेश कंफर्म होने से विद्यार्थियों को प्रवेश की स्थिति के लिए अलग से इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के बीएससी कृषि, बीटेक सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह काउंसिलिंग महत्वपूर्ण होगी। सीएसए प्रशासन ने विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होने को कहा है, जिससे अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया समय से पूरी की जा सके।



चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय • सीएसए

**बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पूरी कराई जाएगी काउंसिलिंग की प्रक्रिया, होगी दस्तावेजों की भी जांच**

### डब्ल्यूआरएन पंजीकरण के लिए अब 19 तक मौका

**कानपुर :** सीएसजेएमयू प्रशासन ने डिग्री कालेजों में प्रवेश के लिए वेब रजिस्ट्रेशन नंबर (डब्ल्यूआरएन) पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। विद्यार्थी 19 सितंबर तक पंजीकरण करा सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। कालेजों में बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने के कारण प्राचार्य लगातार डब्ल्यूआरएन प्रक्रिया दोबारा खोलने की मांग कर रहे थे। कालेजों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पंजीकरण की सुविधा फिर से खोलने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव राजेश मिश्रा ने बताया कि डिग्री कालेजों में रिक्त सीटों को देखते हुए पंजीकरण की तिथि बढ़ाई है। विद्यार्थियों को 19 सितंबर तक पंजीयन करना होगा।

अमर उजाला 17/09/2026

# सीएसए की खाली सीटों पर कल से ऑफलाइन काउंसलिंग

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दाखिलों के लिए 18 सितंबर से ऑफलाइन काउंसलिंग होगी। अभ्यर्थियों को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पहुंचना होगा।

इस चरण में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रक्रिया के बजाय सीधे काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होकर प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। सबसे पहले शैक्षणिक प्रमाणपत्रों और अन्य जरूरी अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा। पात्रता पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के आधार पर पाठ्यक्रम आवंटित किया जाएगा।

सीएसए में बीएससी कृषि, बीटेक समेत कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहले ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिए सीट आवंटन किया जा चुका है। अभिलेखों की जांच में पात्र पाए जाने और संबंधित पाठ्यक्रम में सीट उपलब्ध होने पर उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। मौके पर ही प्रवेश की पुष्टि होने से अभ्यर्थियों को बाद में सीट आवंटन या प्रवेश की स्थिति जानने के लिए अलग से इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अंतिम चरण की इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद विभिन्न पाठ्यक्रमों में बची सीटों पर दाखिले की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। (ब्यूरो)